तापमान
अधिकतम 38.5 डिग्री
न्यूनतम 26.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 संत गाडगे महाराज की जीवनी पर आधारित...



14 जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ प्रेरणा...




# मास्टर ट्रेनरों ने मतदान अधिकारियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से बताई चुनाव प्रक्रिया की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त मतदान अधिकारी क्रमांक 02 एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-03 का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आज प्रातः 10 बजे से जिला मुख्यालय स्थित शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा एवं शासकीय शिवलाल राठी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री शर्मा ने मतदान अधिकारी क्रमांक 02 एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-03 को ज़िला मास्टर ट्रेनर द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण की गतिविधियां देखीं। उन्होंने सभी मतदान अधिकारियों को निर्वाचन से जुड़ी हर प्रक्रिया और प्रपत्र के बारे में गंभीरता से समझकर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुरूप कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मतदान अधिकारी मतदान केंद्र पर निर्वाचन आयोग का औरों की तरह सबसे विश्वसनीय चेहरा होता है। इसलिए सभी का दायित्व है कि अपने कर्तव्य का निर्वहन गंभीरतापूर्वक पूर्ण निष्ठा से करें जिससे निष्पक्ष,पारदर्शी और सुव्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया संपादित हो सके। उन्होंने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हेतु अधिकारी-▶▶ शेष पेज 12 पर

■ प्रशिक्षण केंद्र पहुंचकर कलेक्टर ने लिया जायजा, दिए दिशानिर्देश

## मतदान अधिकारी क्रमांक 2 व 3 को दिया जा रहा है प्रशिक्षण



### 900 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों ने लिया प्रशिक्षण

मास्टर ट्रेनर दिलीप सिंह ठाकुर, रेवाराम साहू, पीला राम साहू, अजय कुमार शर्मा, श्याम चरण दिवाकर, मनोज कुमार वर्मा, दीपचंद देवांगन, डॉ कल्याण दास, गौरवर राजपूत द्वारा सभी मतदान अधिकारीयों को अपने-अपने स्तर से अधिकारियों को सैद्धांतिक प्रशिक्षण के साथ ही ईव्हीएम तथा वीवीपैट मशीन का हैंड्सऑन प्रशिक्षण दे रहे हैं। साथ ही उन्हें मतदान प्रक्रिया, ईव्हीएम सिलिंग, मॉक पोल, विभिन्न सूचना प्रपत्र आदि की भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। बता दें कि शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में कुल 610 मतदान अधिकारीयों में 18 अनुपस्थित तथा शासकीय शिवलाल राठी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में 311 मतदान अधिकारियों में से 6 अनुपस्थित थे। इसी तरह आज भी मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारी कों अनुपस्थित लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, एसडीएम घनश्याम सिंह तंवर, जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है। आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं। देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया। इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-
श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं

## अपराध : मृतका का पति व उसका दोस्त हिरासत में

# महिला की संदेहास्पद मौत, पुलिस ने कब्र खुदवा कर निकलवाई लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शहर के माता भद्रकाली वार्ड में 22 वर्षीय विवाहिता आसिफा परवीन शेखानी की संदिग्ध मौत तथा परिजनों के हत्या की आशंका जताए जाने के बाद पुलिस ने मृतका के पति व उसके एक दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामला गंभीर होने पर पुलिस ने कब्र खुदवाकर शव बाहर निकलवाया। यहां चिकित्सकों की देखरेख में शव को पोस्टमार्टम के लिए रायपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। अब पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार है।

■ मृतका के परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

कोतवाली थाना क्षेत्र के भद्रकाली वार्ड में रहने वाली विवाहिता आसिफा परवीन की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। मृतका का पति शहजाद शेखानी कबाड़ी का काम करता है, चार साल पहले उसकी आसिफा से शादी हुई थी, दोनों के दो बच्चे भी हैं। बताया जाता है कि ईद मनाने के लिए मृतका अपने मायके जो कि ससुराल से चंद कदमों की दूरी पर है, गई हुई थी और ईद मनाकर वह दूसरे दिन ससुराल लौट आई थी। रात करीब 2 बजे शहजाद अपने ससुराल गया और आसिफा की तबीयत खराब होने की जानकारी दी। आनन-फानन में परिजन जब पहुंचे तो आसिफा की मौत हो चुकी थी, ऐसा परिजनों का कहना है। बावजूद इसके उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

**पुलिस नहीं कर रही थी सुनवाई :** बशीर खान ने बताया कि हत्या की आशंका होने पर महिला के परिजन रविवार सुबह थाना पहुंचे थे। यहां उपस्थित ड्यूटी अधिकारी ने परिजनों की कोई सुनवाई नहीं की। उन्होंने परिजनों से आवेदन नहीं लिया। इसके बाद परिजन बैरंग लौट गए। जांच के लिए शाम तक भी पुलिस अधिकारी नहीं पहुंचे। इसे लेकर परिवार जनों में खासी नाराजगी है। शाम को समाज के लोगों के थाना पहुंचने पर मामले में कार्रवाई शुरू हुई।

**समाज के बीच हत्या कबूली :** बशीर खान के अनुसार युवक ने समाज के लोगों की मौजूदगी में हत्या करना कबूल किया है। वहीं इसका एक साथी है जो इस हत्या में शामिल है। युवक ने बताया कि मृतका आसिफा के पैर बांधकर गला दबाकर उसकी हत्या की गई है। काफी प्रयास करने के बावजूद महिला की मौत नहीं होने पर युवक और उसके साथी दोनों ने मिलकर गला दबाकर हत्या को अंजाम दिया।



### कफन-दफन करने से संदेह गहराया

युवक ने अपनी पत्नी का रविवार को समाज के कब्रिस्तान में कफन-दफन कर दिया। इस दौरान समाज के लोग भी उपस्थित थे। उन्हें किसी तरह की आशंका नहीं हुई। युवक पत्नी की मौत हार्ट अटैक से होने की बात कह रहा था। चूंकि परिजनों ने मामले की शिकायत की थी, लिहाजा मामला संदेहास्पद मानते हुए पुलिस ने मृतका का शव कब्र खोदकर बाहर निकलवाया और डॉक्टरों ने शव को पीएम के लिए रायपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो पाएगी। इस दौरान बेमेतरा थाना प्रभारी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।



### परिजनों का आरोप गले में था निशान

मृतका के भाई व भाभी ने कोतवाली थाने में अपना बयान दर्ज कराया है। यहां उन्होंने हत्या की आशंका जताते हुए अपराध दर्ज करने की मांग की है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार जब वे शहजाद के घर पहुंचे उस समय आसिफा के गले में निशान थे। इस संबंध में उसके पति से पूछने पर वह गोलमोल जवाब देने लगा। इसके बाद परिजनों को संदेह हुआ और उन्होंने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई।

# सतर्क और निष्पक्ष होकर काम करें माइक्रो ऑब्जर्वर : कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर मतदान के दौरान निर्वाचन के हर कार्यकलापों पर पैनी नजर रखने की जिम्मेवारी माइक्रो ऑब्जर्वर की होगी। ज़िले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन रणबीर शर्मा की उपस्थिति में चिन्हित मतदान केंद्रों पर तैनात किये गये माइक्रो ऑब्जर्वर को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों की जानकारी प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

■ माइक्रो ऑब्जर्वर का हुआ प्रशिक्षण, वरिष्ठ अफसर रहे मौजूद

**कलेक्टर रहे मौजूद-** संसदीय क्षेत्र 7 दुर्ग निर्वाचन हेतु जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा 68, बेमेतरा 69 एवं नवागढ़ 79 में माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत उपस्थित थे। प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन की शुचिता, निष्पक्षता, गुणवत्ता व समयबद्धता को सुनिश्चित करने के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती की गयी है, उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर्स की भूमिका और दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**शंकाओं का किया समाधान-** उन्होंने मतदान की सभी प्रक्रियाओं पर पैनी नज़र रखने कहा। उन्होंने इस दौरान उनकी शंकाओं का भी समाधान किया। कलेक्टर ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर मतदान दल का सदस्य नहीं होता है। वह मतदान दलों के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण करने के लिए नियुक्त किया जाता है। इसलिए माइक्रो आब्जर्वर को मतदान प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। वे सीधे प्रेक्षक को मतदान से संबंधित फीडबैक देंगे। उन्होंने प्रशिक्षण सत्र में कहा कि चुनाव प्रक्रिया को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करने के लिए यह आवश्यक है कि सभी को अपने दायित्वों की जानकारी हो। यदि ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### पिरदा भिंभौरी में महाष्टमी पर हवन व भंडारा आज

**बेमेतरा।** ग्राम पिरदा के मानस भवन प्रांगण में जोत जंवारा की स्थापना की गई है। ग्रामवासियों ने मानस भवन को रंग-बिरंगी रोशनी, रंगोली व फूलों से विशेष रूप से सजाया है, जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मानस परिवार के मुखिया शिव कुमार मानस ने बताया कि उनके घर जोत जंवारा का कार्यक्रम दस साल बाद हो रहा है, जो कि 5वीं बार है। इसमें उनके बड़े पुत्र मोरजध्वज और सबसे छोटेपुत्र आकाश पंडा बनकर माता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज अष्टमी पर हवन-पूजन के बाद महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भंडारे में पिरदा के अलावा आसपास के ग्रामीण भी प्रसाद ग्रहण करने पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि पुत्र रवि मानस के साथ प्रज्वल, ओजस, मोक्ष एवं रुद्राक्ष सहित ग्रामीण माता सेवा में लगे हुए हैं। ज्योति-जंवारा का विसर्जन राम नवमी को किया जाएगा।

### खिलोरा स्कूल में हुआ न्योता भोज



**बेमेतरा।** संकुल केंद्र खिलोरा अंतर्गत शापूमाशा खिलोरा में शाला परिवार के समस्त शिक्षकों ने बच्चों को न्योता भोज कराया है। इसमें बच्चों को दाल, चावल, दो प्रकार कि सब्जी, पूरी, हलवा, आचार, पापड़, फल, सलाद परोसा। इस अवसर पर सरपंच भुवनेश्वर साहू, सचिव मत्थन साहू, रोजगार सहायक, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष दयालु साहू, संकुल प्रभारी हीरालाल शर्मा, संकुल समन्वयक नीलेश सोनी, प्राचार्य हीरालाल शर्मा एवं समस्त शिक्षकगण मौजूद थे।

# सीएम की मौजूदगी में विजय ने भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय बघेल ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा नेता उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपा नेता योगेश तिवारी ने भाजपा प्रत्याशी को चुनाव में जीत के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। भाजपा नेता ने कहा कि मोदी की गारंटी का भरोसा ही है जो जनता हमें हर चुनाव में जीत दर्ज करा रही है। बीते चुनाव में चार लाख से अधिक मतों से विजय बघेल ने जीत दर्ज की थी। इस चुनाव में 5 लाख से अधिक मतों से जीत दर्ज करेंगे। दुर्ग में विजय बघेल की नामांकन रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री बिष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव मंत्री, नेताओं के साथ भाजपा नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।




# कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र ने दाखिल किया नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू के समर्थन में दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ के साथ विशाल रैली निकाली गई। जोशीले नारे लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नामांकन रैली कलेक्टोरेट पहुंची, जहां राजेंद्र साहू ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व केबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू के प्रस्तावक मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष सीताराम वर्मा और भिलाई चरौदा के महापौर निर्मल कोसरे भी मौजूद रहे।

■ नामांकन जमा करने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री बघेल और पूर्व मंत्री चौबे रहे उपस्थित



इससे पहले पुरानी गंज मंडी परिसर में एक जनसभा हुई जिसमें छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, गुरु रुद्र कुमार, पूर्व विधायक अरुण वोरा, आशीष छाबड़ा, गुरदयाल दास बंजारे, प्रतिमा चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप चौबे, बदरुद्दीन कुरैशी, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, पदम कोठारी, लोकसभा वार रूम प्रभारी आरएन वर्मा, दुर्ग के महापौर धीरज बाकलीवाल, रिसाली ▶▶ शेष पेज 12 पर

## गुरू घासीदास सेवादार संघ ने मनाई डॉ आंबेडकर की जयंती

# आंबेडकर ने सभी वर्गों के हितों की रक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

डा. भीम राव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ गुरु घासीदास सेवादार संघ जिला कमेटी ने ग्राम रांका में मनाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीएसएस प्रमुख साहेब लखन लाल कुर्रे सुबोध थे, अध्यक्षता मेला कमेटी नवलपुर के संरक्षक तामेश्वर अनंत ने की। वहीं सहअतिथि बेदलाल पाटले उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान संगठन द्वारा अगामी 28 अप्रैल को निकाली जाने वाली डोला यात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा भी की गई।

■ कार्यक्रम में 28 अप्रैल निकाली जाने वाली डोला यात्रा की तैयारियों को लेकर की गई चर्चा

इस दौरान जी.एस.एस प्रमुख लखन लाल कुर्रे सुबोध ने कहा कि डा भीम राव अम्बेडकर ने विषम परिस्थितियों में पढ़ाई कर आगे बढ़े और विश्व के सबसे अच्छे संविधान का निर्माण किया। उन्होंने संविधान में सभी वर्ग के लोगों के हितों की रक्षा की व्यवस्था की। इसके अलावा जी.एस.एस प्रमुख ने डोला यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 28 अपैल को 1883 में एक बहुत महत्तवपूर्ण घटना हुई थी, जिसमें इसी बेमेतरा जिला के नवलपुर ढारा के भुजबल महंत ने अपनी बहू को डोला में बैठा कर लाने के लिए उन्हें बहुत ही संघर्ष करना पड़ा था, जो एक ऐतिहासिक घटना थी।




**17 वर्षों से निकाली जा रही डोला यात्रा-** जीएसएस प्रमुख ने कहा कि को जी.एस.एस. संगठन विगत 17 वर्षों से नवलपुर ढारा से चिरहुला मुंगेली तक डोला यात्रा निकालते है जिसमें डोला का प्रतीक रखकर वाहनों के काफिला के साथ देश के प्रसिद्ध जनसंगठन नेताओं के आतिथ्य में आयोजित करते हैं। इस घटना को देश दुनिया को बताना जरुरी है कि कैसे हम लोगों को अच्छे कपड़े, पगड़ी, जूता व घोड़े पर चढ़ने का अधिकार नहीं था। आज भी अन्य राज्यों में कोई मूंछ रख ले या अपने बरात में घोड़ी पर चढ़ जाए तो उसकी हत्या हो जाती है। ऐसा करने वाले कुंठित मानसिकता वालों के विरुद्ध हमें एक होने की आवश्यकता है। इस कारण आगामी 28 अपैल को होने वाले डोला यात्रा में आप सब बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और संगठित होकर ऐसे लोगों का सामना करें। तामेश्वर अनंत, बेदलाल पाटले, बॉबी राज च्यलिके एवं फिरत राम मिरी जी.एस.एस. बिलासपुर ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में मुकेश टण्डन, सुकालु कोठारी,राजेश बांधे, हरि बांधे,अविनाश घृत्तलहरे, दाउ घृतलहरे, हरि बांधे, अभिनाथ घृतलहरे,योगेश बंजारे, अजय पात्रे, बालकदास,थारेश मारकंडे,भरत ठण्डन, सुखनंदन जांगडे,टिकेन्द्र मनहरे, कुलदीप ठण्डन,मनोज घोसले, मनीष ठण्डन, मदन ठण्डन, जगरतन टण्डन, गुलाबचंद कुर्रे उपस्थित रहे।

### वीआईपी कैफे में नशे का कारोबार, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** वीआईपी कैफे में पुलिस ने दबिश देकर नशे के सामान के साथ महादेव सट्टे से संलिप्ता में शामिल दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर व क्राइम एएसपी रिचा मिश्रा ने बताया कि वीआईपी कैपे में दबिश दिया। जहां से कंट्रेक्टर कालोनी सुपेला निवासी प्रांशु गुप्ता और ऋषभ गुप्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 4 हुक्का पाट, 16 तम्बाखु युक्त विभिन्न कंपनियों के फ्लेवर, 50 नग सिम, 15 नग आईडीएफसी बैंक के चेकबुक, 1 नग लेपटाप, 3 नग मोबाईल जप्त किया गया है। दोनों से पूछताछ करने पर बताया कि 50 नग सिम फर्जी रूप से अन्य व्यक्तियों के नाम से बिना जानकारी के खरीदी किया गया।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# प्रदेश में 10 से 20 लाख तक की एसयूवी कारों का क्रेज टॉप गियर पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपने प्रदेश में भी अब 10 से 20 लाख तक की एसयूवी कारों का क्रेज टॉप गियर में पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ के ऑटोमोबाइल बाजार में 50 फीसदी कब्जा एसयूवी कारों का हो गया है। इसी के साथ 5 से 8 लाख तक के बजट वाली कारों का बाजार अब सिमटकर 50 फीसदी से कम पर आ गया है। पहले कम बजट वाली कारों का बाजार ज्यादा था।

- बाजार पर 50 फीसदी कब्जा एसयूवी कारों का

खास खबर

एसयूवी के साथ कम बजट वाली कारों में सबसे ज्यादा डिमांड मारुति सुजुकी के मॉडल्स की है। बीते साल इस कंपनी के 25 हजार से ज्यादा चारपहिया वाहन बिके थे। दूसरी कोई भी कंपनी इतने ज्यादा वाहन नहीं बेच सकी है। वैसे मारुति के बाद सबसे ज्यादा टाटा, हुंडई, महिंद्रा, टोयोटा और किया के मॉडल पसंद किए जा रहे हैं। आज का जमाना एसयूवी कारों का है। इन कारों में सबसे ज्यादा अच्छे फीचर होने के कारण खासकर युवा वर्ग में एसयूवी मॉडल पसंद किए जा रहे हैं।

जहां अमीर वर्ग 50 लाख से लेकर एक से डेढ़ करोड़ तक के मॉडल्स पसंद करते हैं, वहीं मध्यम वर्ग की पसंद एसयूवी के 10 से 20 लाख वाले मॉडल्स हैं। वैसे एसयूवी कारों की शुरुआती कीमत 7 से 8 लाख से प्रारंभ हो जाती है, लेकिन कम कीमत वाले वाहनों में कुछ फीचर्स कम होते हैं।

### टाटा-हुंडई के मॉडल्स का भी क्रेज

मारुति के बाद टाटा और हुंडई के मॉडल्स बहुत पसंद किए जा रहे हैं। टाटा की एसयूवी में सबसे ज्यादा क्रेज 8 से 10 लाख कीमत वाली नेक्सन कार का है। इसी के साथ दूसरे मॉडल्स भी हैं, जिनकी कीमत 6 से 27 लाख तक है। टाटा की सफारी की कीमत 17 से 28 लाख तक है। इस कंपनी के बीते साल करीब आठ हजार वाहन बिके थे। हुंडई की क्रेटा का बड़ा क्रेज है। इसकी कीमत 11 से 20 लाख है। इसी के साथ एक्सटर की कीमत 10 से 11 लाख, वेन्यू की कीमत 8 से 14 और अल्काजार की कीमत 17 से 21 लाख है। इस कंपनी के भी बीते साल करीब आठ हजार वाहन बिके हैं। नए साल में इस कंपनी के वाहन बिक रहे हैं। जनवरी से मार्च की पहली तिमाही में करीब दो हजार वाहन बिक गए हैं।



### किया की कारें भी बिक रहीं हर माह दो सौ

एसयूवी मॉडल्स में किया कंपनी की कारों का भी क्रेज बढ़ते जा रहा है। इस कंपनी की हर माह छत्तीसगढ़ में दो सौ से ज्यादा कारें बिक रही हैं। बीते साल कंपनी की करीब तीन हजार कारें बिकी थीं। इस कंपनी के मॉडल्स में 11 से 21 लाख वाली सेल्टोस और 8 से 15 लाख वाली सोनेट एसयूवी कारें हैं।

*महिंद्रा की थार पहली पसंद : एसयूवी वाहनों में महिंद्रा एंड महिंद्रा की थार जीप का सबसे ज्यादा क्रेज है। इसकी एक समय सबसे ज्यादा सालभर की वेटिंग थी, लेकिन अब इसकी वेटिंग तीन माह पर आ गई है। इसी के साथ इस कंपनी की एक्सयूवी 700 जो 14 से 27 लाख ही है, बोलेरो और स्कॉर्पियो का भी बड़ा क्रेज है। इस कंपनी के बीते साल अब तक सात हजार से ज्यादा वाहन बिके हैं।*

### सबसे ज्यादा मारुति के मॉडल बिक रहे

अपने प्रदेश में सबसे ज्यादा कारोबार मारुति सुजुकी का हो रहा है। ऑटोमोबाइल कारोबारियों के मुताबिक बीते साल मारुति के अलग-अलग मॉडलों को मिलाकर 25 हजार से ज्यादा चारपहिया वाहन बिके हैं। इस कंपनी के हर माह दो हजार से ज्यादा वाहन बिक रहे हैं। मारुति में एसयूवी के मॉडलों की बात करें तो मारुति ब्रेजा 9 से 14 लाख, फ्रांक्स 8 से 13 लाख, ग्रैंड विटारा 11 से 20 लाख और जिन्मी जीप 13 से 15 लाख की है। इसी के साथ कम कीमत वाले मॉडल्स में ऑल्टो 800, वैगनआर जैसे मॉडल हैं। नए साल की पहली तिमाही में इस कंपनी के पांच हजार से ज्यादा वाहन बिक गए हैं।

## खबर संक्षेप



### श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर हुई बैठक

**रायपुर।** रेसिडेंट वेलफेयर सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2 सेजबहार की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। उपस्थित सोसाइटी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम 17 अप्रैल को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के लिए रूपरेखा तैयार की गई, जिसमें शाम 5 बजे वटेश्वर महादेव मंदिर स्थल पर समस्त कॉलोनीवासी एकत्रित होंगे। वहां से श्रीराम की शोभायात्रा प्रारंभ होकर कॉलोनी भ्रमण करेगी। भ्रमण के बाद गार्डन में 6 से 7 तक श्रीराम जन्म प्रसंग का कथावचन होगा। इसके बाद 7 से 8 बजे तक भगवान की आरती के बाद प्रसाद गो-दुग्ध से निर्मित खीर का वितरण कर समापन किया जाएगा। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में समस्त कॉलोनीवासी, बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



**रायपुर।** कोलंबिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की अगवाई में लोकसभा चुनाव को लेकर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए ग्राम टेकारी में जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। गांव की गलियों में मतदान जागरूकता के स्लोगन के साथ सभी स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों से लोकसभा चुनाव में अपना मत देने की अपील की तथा मताधिकार के बारे में बताया गया। हाथ में स्लोगन लिखी तख्तियां व मतदान संबंधी नारे लगाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज के कार्यक्रम अधिकारी मनोज वर्मा, देववती पुरी, ओमकार पाठक एवं सभी स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### सट्टा संचालित करते चार सटोरिए गिरफ्तार



**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की टीम ने मुखबिर की सूचना पर चार अलग-अलग स्थानों में छापे की कार्रवाई करते हुए चार सटोरियों को गिरफ्तार किया है। सटोरियों के कब्जे से पुलिस ने 58 हजार रुपए नकदी के साथ सट्टा लेन-देन के दस्तावेज जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार सट्टा संचालित करने के आरोप में संजय कुमार गोंड, राजेंद्र बंजारे, अमित घृतलहरे, चंद्रकुमार दासवानी को गिरफ्तार किया गया है।

### पूर्व पत्नी ने सौतन से की मारपीट

रायपुर। सिविल लाइंस थाने में एक व्यक्ति ने अपनी पूर्व पत्नी के खिलाफ अपने वर्तमान पत्नी के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक मोवा निवासी रवि चौहान ने ममता चौहान के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रवि ने उसकी पूर्व पत्नी ने वर्तमान पत्नी के साथ विवाद करते हुए मारपीट की।

### पानी सप्लाई पर नजर रखने अब तक नहीं बना कमांड सेंटर

# होली मनाने गए मजदूर नवरात्रि तक नहीं लौटे, 15 वार्डों में सुस्त पड़ी 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली मनाने घर गए मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा और बैतूल के मजदूर अब तक काम पर नहीं लौटे हैं। इससे शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे पानी पहुंचाने काम पिछड़ गया है। गोलबाजार, जोरापारा और मोमिनपारा के 50 फीसदी हिस्से में पाइपलाइन नहीं बिछ पाई है। वहीं 18 हजार घरों में वाटर मीटर लगाने का काम अटका पड़ा है, शुरुआत में मात्र 2 हजार घरों में ही पानी की खपत मापने स्वचालित वाटर मीटर लगा पाए। स्मार्ट सिटी के एबीडी एरिया में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू हुई 130 करोड़ की अहम योजना का लाभ 3 साल बाद भी शहरवासियों को नहीं मिल पाया है।

हरिभूमि सरोकार

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के एबीडी एरिया में शामिल 15 वार्डों के 1.50 लाख से अधिक आबादी 24 घंटे पीने का शुद्ध पानी पहुंचाने कोल्हापुर की लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग कंपनी को 130 करोड़ में ठेका दिया गया। अनुबंधित एजेंसी को शहर की मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया मानते हुए चिन्हांकित 15 वार्डों में 170 किमी. नई पाइपलाइन बिछानी थी, जिसमें संबंधित एजेंसी ने अब तक 159 किमी. दायरे की पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा किया है। अभी भी 13 किमी. क्षेत्र में नई पाइपलाइन बिछाने का काम बाकी है।

**गोलबाजार, जोरापारा, मोमिनपारा के आधे हिस्से में पाइपलाइन बिछाने का काम बाकी**



### इन इलाकों में पाइपलाइन का काम अधूरा

गोलबाजार, जोरापारा, मोमिनपारा ऐसे इलाके हैं, जहां 24 घंटे पानी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम अधूरा ही हो पाया है। इन इलाकों में नई पाइपलाइन बिछाने का 50 फीसदी काम अभी बाकी है। जबकि गोलबाजार व्यावसायिक क्षेत्र होने के साथ ही शहर का सबसे भीड़भाड़ वाला इलाका है, जहां रात्रि के समय सड़क खोदकर पाइपलाइन डालनी पड़ती है। मैनपॉवर की कमी के चलते यह काम अटका पड़ा है।

### इन वार्डों में सुबह से रात तक मिलेगा भरपूर पानी

अफसरों के मुताबिक पाइपलाइन बिछाने और इंटर कनेक्शन कार्य जून तक पूरा हो जाएगा। इससे आने वाले दिनों में वीर सावरकर वार्ड, पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड, पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड, इंदिरा गांधी वार्ड, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड, तात्यापारा वार्ड, ब्राह्मणपारा वार्ड, स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड, मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड, सिविल लाइंस, बाबू जगजीवन राम वार्ड, डॉ. बिपिन बिहारी सूर वार्ड और महामाया मंदिर वार्ड में सुबह से लेकर रात तक भरपूर पानी मिलने लगेगा।



### 80 फीसदी काम, बाकी जून तक करेंगे पूरा

13 किमी. क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने का काम बाकी है। नई पाइपलाइन की टेस्टिंग के दौरान पुरानी बस्ती इलाके में लीकेज के चलते नई फिटिंग अरेंज करने में समय लगा। वर्तमान में 120 से 130 वाटर मीटर प्रतिदिन लगाए जा रहे हैं। मैनपॉवर बढ़ते ही रोजाना 250 वाटर मीटर लगा पाएंगे। 80 फीसदी काम पूरा हो गया है, बाकी 20 फीसदी काम जून तक पूरा कर लेंगे।

**- अमित मिश्रा,** प्रोजेक्ट प्रभारी, 24 वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट, आरएससीएल

### टेस्टिंग का काम धीमा कमांड सेंटर भी नहीं बना

नई पाइपलाइन की टेस्टिंग का काम अब तक रफ्तार नहीं पकड़ पाया है। सूत्रों के मुताबिक शहर के पुरानी बस्ती, ब्राह्मणपारा इलाके में पिछले दिनों पाइपलाइन टेस्टिंग के दौरान लीकेज के कारण दूसरी फिटिंग की व्यवस्था कराने प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों को महीनेभर इंतजार करना पड़ा। वर्तमान में रमन मंदिर वार्ड, इंदिरा गांधी वार्ड, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड में पाइपलाइन टेस्टिंग का काम चल रहा है। जबकि शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड, तात्यापारा वार्ड में अब तक पाइपलाइन टेस्टिंग शुरू नहीं हो पाई है। टेस्टिंग के बाद 24 घंटे पानी सप्लाई पर नजर रखने भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट में कमांड सेंटर बनना है, जिसका काम अब तक शुरू नहीं हुआ। इस सेंटर से पानी के फ्लो के साथ क्वालिटी की निगरानी भी होनी है।

# खत्म नहीं हुआ रिएजेंट्स का इंतजार, आंबेडकर अस्पताल में कई जांच अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विभिन्न तरह की बायोकेमेस्ट्री और पैथालॉजी जांच पुनः रिएजेंट्स के इंतजार में अटक गई है। आंबेडकर अस्पताल में आने वाले मरीजों की आरएफटी-एलएफटी सहित कई जांच पूरी नहीं हो पा रही है। रक्त संबंधी पूर्ण जांच वाली सीबीसी भी मैनुअली करनी पड़ रही है। रिएजेंट्स की नियमित सप्लाई नहीं होने की वजह से सबसे बड़े शासकीय अस्पताल में आने वाले मरीजों का मर्ज पकड़ने होने वाली विभिन्न तरह की जांच पूरी नहीं हो पा रही है। इसके लिए सैंपल या तो जिला अस्पताल के हमर लैब भेजा जा रहा है अथवा मरीज निजी लैब में जाकर पैसे खर्च कर रहा है। सूत्रों के अनुसार काफी डिमांड के बाद भेजे जाने वाले रिएजेंट्स कुछ दिन ही राहत दे पाते हैं। पिछले कुछ समय से यह समस्या पुनः आन खड़ी हुई है और मरीजों की जांच प्रभावित होने लगी है। सूत्रों के अनुसार किसी भी तरह की बीमारी का पता लगाने के लिए एलएफटी-आरएफटी टेस्ट कराया जाता है, जिसकी सुविधा फिलहाल आंबेडकर अस्पताल में नहीं है। इसके लिए सैंपल हमर लैब भेजा जा रहा है। इसी तरह रक्त संबंधित परेशानियों का पता लगाने किया जाने वाला सीबीसी टेस्ट भी मैनुअली तरीके से पूरी किया जा रहा है। आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसबीएस नेताम के मुताबिक कुछ जांच नहीं हो पा रही है, मगर इसका अधिक असर उपचार व्यवस्था पर नहीं पड़ रहा है। सैंपलों को जांच के लिए हमर लैब के माध्यम से पूरा कराया जा रहा है। संबंधित विभाग से जुड़े चिकित्सकों का कहना है कि रिएजेंट्स की डिमांड सीजीएमएससी को कालेज प्रबंधन और चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के माध्यम से जाती है। उनकी ओर से की जाने वाली सप्लाई पर्याप्त मात्रा में नहीं होती, जिसकी वजह से जांच व्यवस्था प्रभावित हो जाती है।

- आरएफटी-एलएफटी नहीं, सीबीसी टेस्ट मैनुअली

# अनोखा प्रदर्शन, महंगाई पर दिखाया पीएम मोदी-बीजेपी का जादुई पिटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महंगाई को लेकर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने अनोखा प्रदर्शन किया। इस मौके पर श्री उपाध्याय ने पुरानी बस्ती में आम जनता को मोदी-बीजेपी का जादुई पिटारा दिखाया और पुरानी बस्ती के शीतला मंदिर मार्केट के पास कांग्रेस ने प्रदर्शन किया, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक जादुई पिटारा आम जनता के सामने रखा था, इसमें से एक-एक करके महंगे हो चुके खाद्य पदार्थ निकल रहे थे।

पिटारे से 1100 का सिलेंडर, 190 रुपए का खाने का तेल, 45 रुपए किलो शक्कर, 60 रुपए किलो चावल, 50 रुपए किलो आटा निकालकर आम जनता को दिखाया गया। बैनर-पोस्टर के माध्यम से कांग्रेस की यूपीए सरकार के समय इन सभी के दामों और भाजपा सरकार के समय बढ़े हुए इन दामों के अंतर को प्रदर्शित किया गया। मोदी-भाजपा के पिटारे को देखने आए लोगों ने भाजपा सरकार को जमकर कोसा। इस प्रदर्शन में उषा रंजन श्रीवास्तव, ममता राय, गंगा यादव, आशा चौहान, सचिन शर्मा, सत्यनारायण नायक, नागेंद्र वोरा, मनोज सोनकर, रवि शर्मा, रामधनी सोनी, लक्ष्मी नायडू, सायरा बानो, पद्मिनी ढीमर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### विकास ने किया जनसंपर्क

रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने रविवार को रायपुर ग्रामीण विधानसभा का दौरा किया। अछोली, बिरगांव, उरकुरा, रावांभाठा पहुंचकर सभाएं लीं। श्री उपाध्याय ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही महिलाओं के खाते में 8333 रुपए दिए जाएंगे, युवाओं के लिए 30 लाख नौकरियों की भर्ती निकाली जाएगी। साथ ही श्रमिकों की मजदूरी में वृद्धि की जाएगी। इस दौरान पंकज शर्मा, महापौर नंदलाल देवांगन, ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा, योगेंद्र सोलंकी, कृपाराम निषाद, जीत सिंह, कमलेश मिश्रा, बसंत साहू, प्रीतराम साहू, लखन साहू, दीनू निषाद, धन्नू बंदे, बाबूलाल कुर्रे, ईश्वर बंजारे, टिकेंद्र सिन्हा, जिया फारुकी, रानी गोस्वामी, शांति वर्मा, इकराम अहमद, रियाज, फिरोज, बसंत सेन, रुक्मिणी सिन्हा, रितेश सिन्हा, अविनाश निहाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### सिंधी क्विज के विजेताओं को भेंट की चांदी की तस्वीर

**रायपुर।** चेट्रीचंड्र पर्व के उपलक्ष्य में डिजिटल इंफ्लुएन्सर, सिंधी ब्लॉगर प्रशांत राज गावरी ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर सिंधी क्विज का आयोजन किया। सिंधी समाज से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं नई पीढ़ी को समाज की परंपरा, संस्कृति से रूबरू कराने की इस स्पर्धा में देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। रविवार को क्विज के विजेताओं की घोषणा करते हुए आयोजक श्री गावरी ने पुरस्कार स्वरूप भगवान झूलेलाल की चांदी की तस्वीर भेंट की। विजेताओं में रायपुर के मोक्ष माखीजा, यशिका पिंजानी, साक्षी माखीजा, बंटी लालवानी, हेमा सुंदरानी, महक तन्ना, निकिता पामवानी, पल्लवी धामेजा, दिशा केलवानी, दीपक गुड़वानी को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समरोह में मुखी अप्पू वाडिया, अमर चंदनानी, रमेश वालेचा, सुरेश तहल्याणी, प्रतीक गावरी, रवि समेत समाजजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# किडनी के इलाज का बड़ा सेटअप डीकेएस में, ट्रांसप्लांट की योजना अभी भी अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एकमात्र डीकेएस सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में किडनी की बीमारी के इलाज के लिए बड़ा सेटअप है, मगर यहां प्रत्यारोपण की सुविधा अब तक शुरू नहीं हो सकी है। छह करोड़ की उपकरण खरीदी का प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित है। इस बीमारी से पीड़ित ज्यादातर मरीज निजी अस्पतालों के भरोसे हैं, जहां इलाज के लिए उन्हें बड़ी रकम खर्च करनी पड़ रही है। डीकेएस में जब सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल की शुरुआत की गई, तो यहां किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू करने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए प्रयास भी शुरू किया गया था और अंग प्रत्यारोपण एक्ट का मसौदा तैयार किया गया था। राज्य के विभिन्न निजी अस्पताल में यह इसकी सुविधा शुरू हो गई, मगर डीके अस्पताल पिछड़ता चला गया। चिकित्सकों के अनुसार डीके अस्पताल में किडनी संबंधित बीमारियों के इलाज का बड़ा सेटअप है। यहां मरीजों की डायलिसिस के लिए सबसे अधिक मशीन है चिकित्सक और अन्य स्टाफ भी यहां पर्याप्त संख्या में हैं, इसके बाद भी प्रत्यारोपण की सुविधा के मामले में यह अस्पताल सबसे पीछे है। जरूरतों के हिसाब से यहां उपकरण जुटाने के लिए शासन को प्रस्ताव काफी बार भेजा जा चुका है, मगर इस पर अब तक किसी तरह की स्वीकृति नहीं दी गई है।




- छह करोड़ के उपकरण खरीदी का प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित
- ज्यादातर मरीज निजी अस्पतालों के भरोसे, बड़ी राशि हो रही खर्च

### रेफर करना मजबूरी

डीके अस्पताल में किडनी की बीमारी से पीड़ित मरीजों के लिए डायलिसिस के लिए पचास मशीनों की व्यवस्था है। इलाज के दौरान अगर किसी व्यक्ति का अंतिम विकल्प किडनी ट्रांसप्लांट होता है, तो उसे एम्स अथवा निजी अस्पताल जाने की सलाह देनी पड़ती है। निजी अस्पताल में इस ट्रांसप्लांट के लिए मरीजों को स्वास्थ्य सहायता योजना के अतिरिक्त भी पैसे खर्च करने पड़ते हैं।

### सुविधा नहीं पर लाभ यहीं से

अगर कोई व्यक्ति सरकारी अस्पताल में जाकर अंग प्रत्यारोपण कराता है, तो उसे दस हजार रुपए तक की दवा निशुल्क देने का प्रावधान है। दुर्भाग्य यह है कि राज्य के पास इस प्रत्यारोपण की सुविधा वाला एक भी शासकीय अस्पताल मौजूद नहीं है। एम्स में अंग प्रत्यारोपण किया जाता है, मगर इसका संचालन राज्य के बजाए केंद्रीय स्तर पर किया जाता है।

### लिवर ट्रांसप्लांट की तैयारी

अंग प्रत्यारोपण की सुविधा के बाद राज्य में सबसे अधिक कैडेवर डोनेशन कराने वाला एम्स आने वाले दिनों में लिवर ट्रांसप्लांट की शुरुआत करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए जरूरी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। अब तक यहां नेत्र के साथ किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा मौजूद है, जिसका फायदा बड़ी संख्या में मरीजों को मिल रहा है।

# जवाहर बाजार के तीसरे माले पर 3 हॉल से नगर निगम को मिलेगा 4 करोड़ 3 लाख का राजस्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मालवीय रोड स्थित जवाहर बाजार के तीसरे माले पर बनाये गये 3 हॉल से नगर निगम को 4 करोड़ 3 लाख का राजस्व मिलेगा। आनलाइन टेंडर में 13 हॉल में से 3 हॉल को रिस्पांस मिला है। इनमें से हॉल नंबर 1 के लिए 1 करोड़ 35 लाख, हॉल नंबर 3 के लिये 1 करोड़ 33 लाख और 8 नंबर के हॉल के लिए 1 करोड़ 35 लाख रुपये रेट आया, जबकि इसका आफसेट रेट 1 लाख 31 हजार रुपये रखा गया था। 30 साल की लीज पर दिये गये हॉल पर साल में 2 फीसदी किराया भी देय होगा।

नगर निगम जोन 4 क्षेत्र स्थित नवनिर्मित जवाहरबाजार व्यावसायिक परिसर में 4 साल से खाली पड़े 13 हॉल में से 3 हॉल को 8 बार टेंडर के बाद लीज पर लेने लोगों ने रुचि दिखाई है। सूत्रों के मुताबिक जवाहर बाजार में व्यवस्थापन के तहत 69 दुकानें जवाहर बाजार के व्यापारियों को आवंटित की गई हैं। इसके साथ ही शोरूम व अन्य व्यावसायिक प्रयोजन को ध्यान में रखकर 13 बड़े आकार के हॉल तीसरे माले में बनाये गये हैं। रेट ज्यादा होने के कारण पिछले 4 साल से दर्जनभर से ज्यादा हॉल उठ नहीं पाए। नगर निगम के बाजार विभाग द्वारा इसके लिये 8 बार ऑनलाइन टेंडर भी किया गया, पर बड़े आकार के हॉल को लीज पर लेने एक भी बड़ी कंपनी या व्यावसायिक प्रतिष्ठान ने दिलचस्पी नहीं ली। 9वीं बार हुये टेंडर में 3 हॉल को स्थानीय व्यापारियों ने 30 साल की लीज पर लिया है। इसके लिये उन्हें 2 फीसदी सालाना किराया भी देना होगा।

- 30 साल की लीज, साल में 2 फीसदी किराया देय
- 10 हॉल के लिये 9वीं बार आनलाइन टेंडर



### 10 हॉल खाली, चुनाव के बाद टेंडर

सूत्रों के मुताबिक जवाहर बाजार में 4 साल से खाली पड़े 10 हॉल को 30 साल की लीज पर देने लोकसभा चुनाव के बाद ऑन लाइन टेंडर होगा। शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित जवाहर बाजार में दुकानों की डिमांड हॉल की अपेक्षा ज्यादा है। वहां के व्यापारियों ने निगम प्रशासन से दुकानों की डिमांड भी की है।

## भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं को दिया बूथ जीतने का मंत्र

**बालोद।** गुण्डरदेही विधानसभा के अचौद शक्तिकेंद्र अंतर्गत बोदल और कुथरेल बूथ में शक्तिकेंद्र प्रभारी पुष्पेंद्र चंद्राकर और शक्तिकेंद्र संयोजक मोपेन्द्र साहू, शिव साहू ने बूथ अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर अपने शक्तिकेंद्रों में भाजपा को भारी लीड दिलाने का मंत्र दिया।

शक्तिकेंद्र प्रभारी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने शक्तिकेंद्रों को जीत की सीढ़ी बताया। पुष्पेंद्र ने कहा शक्तिकेंद्रों की मजबूती से पार्टी कांकेर लोकसभा में दमदार जीत हासिल करेगी। इसके लिए जमीनी स्तर पर काम करने और उसकी निगरानी तंत्र को मजबूत करने की जरूरत है।

पेज 11 के शेष...

### मास्टर ट्रेनरों ने...

कर्मचारियों को आपसी तालमेल एवं सतर्कता से कार्य करने के लिए कहा ।

**निर्वाचन करवाने के साथ अपने मताधिकार का उपयोग भी अवश्य करें-** जिलाधीश ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि जिन कर्मचारियों की पहली बार मतदान करवाने की ड्यूटी लगाई गई है तो ऐसे अधिकारी प्रशिक्षण में दी जा रही सभी नियमों का बेहतर तरीके से रखें, ताकि किसी भी प्रकार की गलती होने की संभावना न होने पाए। उन्होंने सभी पीठासीन और मतदान अधिकारियों को कहा कि निर्वाचन कार्य मे मतदान करवाने के साथ-साथ अपने मताधिकार का उपयोग भी करना जरूरी है, इसलिए सभी फार्म-12 भरकर जरूर दें।

### सतर्क और निष्पक्ष...

निर्वाचन के दौरान कोई प्रक्रिया आपको सही नहीं लगती है तो इसकी सूचना तत्काल दी जाए। **ध्यान रखें दोबारा वोटिंग न हो-** उन्होंने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर को ये सुनिश्चित करना होगा की किसी भी मतदान केंद्र में दोबारा वोटिंग की स्थिति न बने। प्रशिक्षण में ईवीएम एवं वोटिंग कम्पार्टमेंट की सुरक्षा और गोपनीयता की ओर विशेष ध्यान देने कहा। प्रशिक्षण में ये बताया गया कि माइक्रो आब्जर्वर पोलिंग पार्टी के साथ ही मतदान केंद्रों तक पहुंचेंगे और शाम को आब्जर्वर या उनके प्रतिनिधियों को रिपोर्ट सौंपेंगे। आयोग ने माइक्रो आब्जर्वर को इसलिए नियुक्त किया है कि कोई भी समस्या उत्पन्न होने पर आपकी रिपोर्ट से स्थानीय कर्मचारियों की रिपोर्ट को क्रॉस चेक किया जा सके। उन्होंने सुझाव दिया कि माइक्रो ऑब्जर्वर रिपोर्ट के किसी भी कॉलम को खाली नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने ने बताया कि माइक्रोऑब्जर्वर पोलिंग पार्टी का अंग न होकर प्रेक्षक के प्रतिनिधि के तौर पर मतदान केंद्र पर उपस्थित रहकर सभी प्रक्रियाओं को वाच करेंगे और उसकी टाइमिंग को अपने प्रपत्र पर भरते रहेंगे।

### कांग्रेस प्रत्याशी...

की महापौर शशि सिन्हा, भिलाई चरौदा के महापौर निर्मल कोसरे, भिलाई के महापौर नीरज पाल, गया पटेल, पूर्व महापौर शंकर लाल ताम्रकार, नीता लोधी, सीजू एंथोनी, मदरसा बोर्ड अध्यक्ष अलताफ अहमद, जेआर साहू, राजेश यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### कैपिटल रिपेयर के स्टेकर-4 का उद्घाटन

**भिलाई।** सेल-बीएसपी के ओएचपी–ए स्थित स्टेकर-4 का कैपिटल रिपेयर के पश्चात उद्घाटन कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तापस दासगुप्ता द्वारा मुख्य महाप्रबंधक एचके पाठक, महाप्रबंधक प्रभारी आई सेनगुप्ता, महाप्रबंधक राकेश पाण्डेय, महाप्रबंधक रंजन भारती, महाप्रबंधक एके सिंह की उपस्थिति में किया गया। टीम लीडर व महाप्रबंधक (मेकेनिकल) मुजीब हुसैन के नेतृत्व में अजीत कुजूर, संतोष सिंह, रवि कृष्णा, धनेश, हलदर और प्रशांत जैन सहित ओएचपी मैकेनिकल के इंजीनियरों की टीम ने स्टेकर 4 की मरम्मत और कमिशनिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### खदान में डूबने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**भिलाई।** मुरम खदान में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक सूचना पर एसडीआरएफ दुर्ग के डीप डाइविंग टीम ने शव को खदान के बहार निकाला। हाउसिंग बोर्ड उम्दा थाना क्षेत्र भिलाई तीन के मुरूम खदान में पदुम नगर निवासी हियाल अहमद गया हुआ था लेकिन खदान में डूबने से उसकी मौत हो गई।

### धमतरी एक पारी व 50 रन से जीता मैच

**भिलाई।** सीएससीएस द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के धमतरी विरुद्ध दंतेवाड़ा के बीच खेला गया। जिसमें धमतरी मैच एक पारी व 50 रन से जीता। धमतरी पहली पारी 253 रन पर ऑलआउट हो गई। वहीं दंतेवाड़ा पहली पारी 69 रनों पर ऑलआउट हो गई। अमन कश्यप ने 12 रन बनाएं, गेंदबाजी धमतरी विक्रांत कश्यप 4 विकेट, एस सेठिया एवं सागर निषाद ने दो-दो विकेट लिए। फॉलोआन खेलते हुए बल्लेबाजी दंतेवाड़ा दूसरी पारी 134 रन पर ऑलआउट हो गई। वीर दुर्गेश ने नॉट आउट 64 रन बनाएं।

# संयंत्र बिरादरी ने डॉ. आम्बेडकर के योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आंबेडकर भवन में मनी जयंती





भिलाई इस्पात संयंत्र के औद्योगिक संबंध विभाग, ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ एवं बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी एसोसिएशन के स तत्वावधान में सेक्टर 6 स्थित ड भीमराव आम्बेडकर भवन, हायर सेकंडरी स्कूल के परिसर मे भीमराव आंबेडकर का जयंती समारोह का आयोजन किया गया। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने आंबेडकर की प्रतिमा को पुष्पांजलि देकर उनके योगादान को प्रेरक बताया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार और विशेष अतिथि कार्यपालक निदेशक समीर स्वरुप, बीके गिरी थे। सीजीएम जे वाय सपकाले व संदीप माथुर, सेफी के चेयरमैन व ओए अध्यक्ष एनके बंछोर, जीएम जेएन ठाकुर, बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद और महासचिव श्री विजय कुमार रात्रे भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि आंबेडकर का स्मरण और उनकी बताई हुई शिक्षा को हमें हमेशा याद करना चाहिए। देश में जितने भी श्रम कानून और समाज अधिकार के लिए बनने वाले कानून है, वह डॉ. आंबेडकर की ही देन है। वे हमेशा समान अधिकार के लिए प्रयासरत रहे। कोमल प्रसाद ने लाइब्रेरी कम संग्रहालय बनाए जाने की मांग की। छात्र श्रणया दास व समीक्षा झा ने डां. अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला । अतिथियों ने एसोसिएशन की स्मारिका "नया सवेरा" का विमोचन किया गया। मेधावी बच्चों नम्रता मोहे, सुश्री प्रेरणा तारमजी, नमिता, एकता ध्रुव और मेघराज तारमजी का सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीएसपी के संयुक्त निदेशक डां. उदय कुमार व संयंत्र के महाप्रबंधक जेएन ठाकुर को योगादन के लिए डां. आंबेडकर सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सुप्रियो सेन और धन्यवाद ज्ञापन एसके केसकर द्वारा दिया गया।

## ऑनलाइन सट्टा : आरोपियों से मोबाइल फोन और 20 हजार मिला नकद

# आईपीएल क्रिकेट में ऑनलाइन सट्टा, पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**पदमनाभपुर पुलिस और एसीसीयू की कार्रवाई, मोबाइल से मिला करोड़ों का हिसाब-किताब**

आईपीएल सट्टे में दांव लगाने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस मोबाइल, नगदी समेत अन्य सामान भी जब्त किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कालीबाड़ी मंदिर के पास पदमनाभपुर दुर्ग निवासी चिरंजीवी भाठी नामक व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि आईपीएल क्रिकेट सट्टा खेलने के लिए क्रिकेट लाईव गुरू नाम का एप लिंक के माध्यम से इंस्टाल करने की जानकारी दी। उसी एप के माध्यम से ऑन लाईन क्रिकेट सट्टा संचालित कर रहा था। मोबाईल फोन चेक करने पर ऑनलाईन सट्टा कारोवार से जुडे लेने-देन का हिसाब किताब, राजस्थान रायल्स,किंग्स 11 पंजाब के मैच का भाव क्रिकेट लाईव गुरू एप चालू में मिला। आरोपी ने पुलिस को जानकारी दी कि आदर्श नगर दुर्ग मृत्युंजय चन्द्राकर के माध्यम से ऑनलाईन सट्टा कारोबार का फिकेट लाईव गुरू नाम के एप का लिंक मिला। जिसे ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा खेलने के लिए लोगों को उपलब्ध कराया जाता था।

चिरंजीवी भाठी के निशानदेही पर मृत्युजंय चन्द्राकर को पदमनामपुर से गिरफ्तार किया गया। मृत्युजंय चन्द्राकर के मोबाईल फोन में भी उक्त ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा का हिसाब किताब भी मिला। आरोपी मृत्युंजय चन्द्राकर के द्वारा इंस्टाग्राम के माध्यम से रायपुर निवासी मनीष लेगवानी से क्रिकेट लाईव गुरू एप का लिंक खरीदना स्वीकार किया। जिसे चिंरजीवी माठी के माध्यम से सट्टा खेलने के लिए बेचना बताया गया। इस दौरान क्राइम एएसपी रिचा मिश्रा, डीएसपी क्राइम हेमप्रकाश नायक समेत पुलिस अधिकारी मौजूद थे।



### फार्म हाउस से पकड़ा गया

तकनीकी माध्यम से अंवती विहार रायपुर तेलीबांधा ननिवासी मनीष लेगवानी के बारे में पतासाजी करने पर पुलिस को पता चला कि फुण्डहर रायपुर स्थित आदित्य फार्म हाउस के आसपास होने की जानकारी मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर मनीष उक्त फार्म हाउस से पकड़ा गया। मोबाईल फोन में भी ऑनलाईन सट्टा एप क्रिकेट लाईव गुरू से लेन देन के हिसाव किताब लिंक मिला है।

### नेवई थाना क्षेत्र में चला रहा था सट्टा



पुलिस ने बताया कि नेवई डेम के पास सुनसान जगह में पेड के नीचे डोण्डा सिटी कार में बैठकर युवक लैपटाप से ऑनलाईन सटटा खिलाने की सूचना मिली थी। नेवई थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद शुक्ला शुक्ला को मुखबिर ने सूचना दिया कि होण्डा सिटी कार सीजी 04 जेड ई 4444 में दो युवक बैठकर लेपटाप, मोबाईल में ऑनलाईन सटटा खिला रहे है। पुलिस ने घेराबंदी कर क्वाटर नंबर 14/बी, सडक 33 सेक्टर 10 निवासी लक्ष्यदीप डहरिया, क्वाटर नंबर 8/ए सडक 10, सेक्टर 3 शिवम सिंह तोमर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने रेडडी अन्ना का एप्प इस्तेमाल कर रींवा में बैठे हुये चार अन्य दोस्तों जो ऑनलाईन सट्टा के संपर्क में थे। चार युवकों में राहुल ताम्रकार, रितिक ताम्रकार, निरज साहू, पूर्णानंद गौर के साथ मिलकर आरोपियों ने लोगो का बैंक खाता खुलवाकर खाता, एटीएम कार्ड, मोबाईल नंबर उपलब्ध कराकर रूपयें पैसे का ऑनलाईन अवैध लेनदेन करते थे। पूछताछ में बताया कि लेपटाप, मोबाईल द्वारा सट्टा में इस्तेमाल जो भी चीजे होती थी। उसे काम होते ही डिलिट कर देते थे। आरोपियों के पास से 4 नग लेपटॉप अलग अलग कंपनी का, 4 मोबाईल अलग अलग कंपनी, 14 पासबुक एटीएम, चेकबुक अलग अलग बैंक, नगदी 10 हजार और 2 अलग अलग कोरे कागज पर पेन से लिखा हुआ लेन देन का हिसाब जप्त किया गया। इसके अलावा कार को जप्त किया गया हैं। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 419,420 भादवि 6,7,8 गेब्लिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# चेस चैंपियनशिप के चौथे चक्र में बड़ा उलटफेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



भिलाई आल इंडिया चेस फेडरेशन के निदेशन तथा प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा सेक्टर 5 भिलाई स्थित आंध्रा भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर 17 ओपन एवम गर्ल्स फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप एवम जिला स्तरीय अंडर 13 बालक एवम बालिका वर्ग के तृतीय एवम चतुर्थ चक्र की जानकारी देते हुए, जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने बताया की तीसरे चक्र के परिणाम के में गगन साहू(रेटिंग-1719)-रायगढ़ ने सफेद मोहरों से खेलते हुए राशि वरुणकर(1475) राजनांदगांव को हराया, दूसरे टेबल नंबर पर अर्नव ड्रोलिया (1553)-रायपुर ने शिल्प कुमार घोड़ेसवार (1474)-दुर्ग को काले मोहरे से खेलते हुए परास्त किया, तीसरा टेबल पर प्रभमन सिंह मल्होत्रा (1617)-कोरबा ने सफेद मोहरों से खेलकर भोटुकु (1473)- दुर्ग को शिकस्त दी, चौथे टेबल पर परी तिवारी 1573 कोरबा ने सरगुजा के खिलाड़ी रोहन गुप्ता-1473 को हराया, पांचवे टेबल पर परिणाम के रूप में शुभंकर बामनिया 1564 रायपुर के खिलाड़ी ने अपने रायपुर जिला के खिलाड़ी उत्कर्ष यादव 1473 को परास्त किया।

### चौथे राउंड का परिणाम रोमांच से परिपूर्ण रहा

प्रथम टेबल पर रायपुर के खिलाड़ी शुभांकर बमालिया(1564) ने इस स्पर्धा के टॉप सीडेड खिलाड़ी गगन साहू (1719) रायगढ़ को सफेद मोहरो से खेलते हुए जीत हासिल किया, दूसरे टेबल पर अर्णव ड्रॉलिया (1653)- रायपुर ने सफेद मोहरों के साथ बिलासपुर के खिलाड़ी लोकेश पांडे (1554) को परास्त किया, तीसरे टेबल पर प्रभमन सिंह मल्होत्रा (1617)-कोरबा ने काले मोहरों के साथ अभिनव वर्मा (1502)-रायपुर से जीत अपने नाम की, चौथे टेबल पर देवांश जैन (1411)-रायपुर ने अपने से अधिक रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी कोरबा की परी तिवारी (1573) से बाजी ड्रा खेली, पांचवें टेबल पर रौनक युवराज सिन्हा (1446)-रायपुर ने अपने से अधिक अंतरराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी अभय यादव (1561)-बिलासपुर से जीत हासिल की, छतवे टेबल पर प्रशांत ध्रुवंशी (1468)-बिलासपुर ने भी अपने से अधिक रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी धारनी साहू (1522) को काले मोहरों से खेलते हुए शिकस्त दी, सातवें टेबल पर यीजनान्स गुप्ता (1425-सरगुजा के खिलाड़ी ने खेल का उच्च प्रदर्शन करते हुए अपने से अधिक रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी दुर्ग की इशिका मडके 1513 से जीत हासिल की, आठवे टेबल पर गौरव श्री बेहरा-1511 ने जो की रायगढ़ के खिलाड़ी है सफेद मोहरो से खेलते हुए अद्वित पांडे (रायपुर) से जीत हासिल की, नवमे टेबल पर काले मोहरों से खेलते हुए अंशिका मिंज (1470)- रायपुर ने कोरबा की खिलाड़ी जसमन कौर (1446) को शिकस्त दी, दसवें टेबल पर सालिक नवाज मनिहार (1486) राजनांदगांव के खिलाड़ी ने रायपुर के खिलाड़ी अक्ष मिंज को परास्त किया।

## कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश के लिए वोट मांग रहीं विधायक संगीता



**गुरूर।** विधायक संगीता सिन्हा ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए 15 अप्रैल को ब्लाक के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर आम जनता से संवाद किया। इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा ग्राम सोहपुर, सोरर, धोबनुपरी, बगदई, भरदा, घोघोपुरी, भानपुरी, सुर्रा में बजे जनता के बीच पहुंचकर कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी देकर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# जब सरप्राइज गेम्स से बच्चे हुए भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अपने घर के निकट खेल मैदान में नन्हे मुन्ने बच्चों का उत्साह और खुशी देखते ही बनती थी। यह खुशी परीक्षा खत्म होने के साथ रिलेक्स होने के लिए कुछ क्रिएटिव करने की थी। नौनिहालों के चेहर पर चमक देख पैरेंट्स भी खासे खुश थे। सभी होते भी क्यों न, बच्चों ने मिलजुलकर अपनी प्रतिभा से सरप्राइज गेम प्लान से अपने साथ सबको विभोर जो कर दिया था।

- नन्हे-मुन्नों की खेल प्रतियोगिताओं में दिखी प्रतिभा, आयोजन का जिम्मा बच्चों ने संभाला

सेक्टर 7 इस्पात क्लब मैदान में शनिवार को ऐसा ही खुशनुमा माहौल था। अवसर था स्कूली और नर्सरी के छोटे छोटे बच्चों के खेल दिवस का आयोजन। परीक्षा की बोझिलता से ताजा ताजा मुक्त हुए बच्चों ने अपनी रचनात्मकता से खेल दिवस के रुप में अपने पसंदीदा खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित कर इंजाय करने की सोची। फिर क्या था, आननफानन में स्पोर्ट्स क्लब बना आयोजन को सफलता से साकार भी कर दिखाया । हर्षोल्लास के माहौल में दिनभर 4 साल से 13 वर्ष तक के बच्चों की विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें सड़क 35 और आसपास के बच्चे शामिल हुए। इस्पात क्लब मैदान में पहले क्रिकेट और फिर फुडबाल मैच हुआ। एमएसटी और सीएसटी टीम के बीच हुए दिलचस्प दोनों मैचों में क्रिकेट एमएसटी ने दो रन और फुडबाल का मैच सीएसटी ने तीन गोल से जीता। इसके बाद बैडमिंटन मैच स्पर्धा हुई। इसमें भी प्रतिभावान बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंत में 4 से 10 साल के नन्हें मुन्नों की लिए रोचक जलेबी दौड़ स्पर्धा हुई। रेसिंग प्वाइंट के 15 कदम आगे पतले धागे में लटकी रसीली जलेबियों का खाकर वापस रेस करते छोटे छोटे बच्चों को देख उनके साथ पालक भी भावविभोर हो गए। आयोजन में खास बात यह थी कि आयोजन, खेलों में भागीदारी से लेकर रेफरी तक बनने की सारी सभी जिम्मेदारी बच्चों ने ही संभाली, जिसकी पालकों ने हौसलाअफजाई कर अगले साल से और अच्छे से कार्यक्रम कराने का भरोसा दिलाया।



### पुरस्कार से हुए मंत्रमुग्ध

बच्चों में अपने खेल आयोजन और विभिन्न खेलों में भाग लेने को लेकर उत्साह युवाओं की तरह था। सभी बच्चे और बच्चियां अपने घरों से बड़े बच्चों या खिलाड़ियों की तरह अपने कंधे पर बेग लटकाए खेल सामानों के साथ खेल मैदान के लिए धमाचौकड़ी करते निकले । मैचों के पहले बकायदा वार्मअप व टास भी हुआ। खेल प्रतियोगिताओं के बाद शाम को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भी हुआ। पुरस्कर मिलना भी बच्चों के लिए एक सरप्राइज था। क्योंकि यह उनके प्लान में नहीं था। बच्चों का उत्साह देख पालकों ने आनन फानन में पुरस्कारों की व्यवस्था कर उनका हौसला बढ़ाया। पालकों के हाथों पुरस्कार प्राप्त कर खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं सहित सभी प्रतिभागी बच्चों की खुशी का ठिकाना नही था। खेल आयोजन और क्रिकेट, फुडबाल, बैडमिंटन और जलेबी दौड़ आदि खेल स्पर्धाओं में नीरज, ईशांत, मुस्कान, के ऐश्वर्या, एम प्रिंस, आरिज, मैक्सवेल, देव, कुणाल, मरीना, प्रवीण, जैक्शन, आजू , वंशु और पलक आदि बच्चे शामिल हुए। अपांयर व रेफरी की भूमिका सतीश ने निभाई।

**कांग्रेस को बड़ा झटका**

## धनई ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा



**भिलाई।** लोकसभा चुनाव के पहले ही कांग्रेस को रोजाना एक झटका लग रहा है लगातार कांग्रेस को लोग अलविदा कह रहे हैं। कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री स्टील कॉलोनी नेहरू नगर निवासी गुरमीत कौर धनई ने भी कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है । उन्होने कांग्रेस की नीतियों व सोच में आए परिवर्तन की वजह को पार्टी छोड़ने का कारण बताया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को भेजें पत्र की प्रतिलिपि उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष को भी प्रेषित किया है । गुरमीत ने पत्र में लिखा है कि मेरे दादा स्व. डॉ. जसवंत सिंह भामरा वर्ष 1959 अविभाजित म.प्र. के समय से धमतरी निवासरत रहकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सकिय सदस्य उपाध्यक्ष रहे हैं। मेरा पूरा परिवार कट्टर कांग्रेसी रहा है। अपने परिवार वालों के साथ ही काग्रेस की विचारधारा की समर्थक रही । पिछले 30 वर्षों से छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सकिय सदस्य रही । वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की विचारधारा एवं कार्यशैली में आए गंभीर परिवर्तन से मुझे अत्यंत दुख होता है। मैं अपने आप को असहज महसूस करती हूँ।समाज सेविका हूं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों एवं सोच में आए परिवर्तन के कारण मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्यता का त्याग कर रही हूं।।

**भाजपा अजामो ने किया बाबा साहेब का स्मरण**

# डॉ. आंबेडकर के आदर्शों को करें आत्मसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला भिलाई के कार्य समिति सदस्य एडवोकेट मोतीराम कोशले के नेतृत्व में भारत रत्न डॉ बाबासाहेब अंबेडकर का जयंती जय स्तंभ बाजार चौक भिलाई तीन में मना। इस दौरान बाबा साहब अम्बेडकर के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें पुष्पांजलि समर्पित की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग लोकसभा अनुसूचित जाति प्रभारी राजमहंत गुलशन ढींढे थे। अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामाजिक सदभाव जिला प्रमुख राजेश वैद्य थे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विनीता शिंदे ,सीमा शर्मा मौजूद थी। राजमहंत गुलशन ढींढे ने बाबा साहब अंबेडकर के आदर्श का स्मरण कराया और भारतीय जनता पार्टी द्वारा उनके पांच धरोहर को स्मारक के रूप में स्थापित किया गया है। राजेश वैध ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर के द्वारा भारतीय सामाजिक व्यवस्था को बचाते हुए सम्यक मार्ग अपनाया गया। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा से गौकरण भारती, बाबूलाल बंधे, नरेश धारी, कमल बघेल, हरी बाग, पार्षद गुरु चरण सिंह, प्रेमलाल शर्मा, ओमन निर्मलकर, कार्तिक पटेल,रितु गिरी मौजूद थी।

## रामनवमीं पर 17 को विहिप निकालेगा भव्य शोभायात्रा



**गुरूर।** विश्व हिन्दू परिषद् प्रखंड गुरूर द्वारा 17 अप्रैल को हिन्दू नववर्ष व रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा दोपहर 2 बजे श्रीराम जानकी मंदिर गुरूर से निकाली जाएगी। इस अवसर पर 8 फीट ऊंची हनुमान जी के साथ ही शिव-पार्वती विवाह झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही आदिवासी नृत्य, राऊत नाचा को भी सम्मिलित किया गया है। शोभ यात्रा की तैयारी के लिए विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल व अन्य संगठनों द्वारा तैयारी को अंतिम रुप दिया जा रहा है। नगर को तोरण पताकाओं से सजाया जा रहा है। विभिन्न मंडलियों को आमंत्रण के साथ ही उन्हें जिम्मेदारी भी सौंपी जा रही है। इस बार चुनाव आचार संहिता को ध्यान में रखकर कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। शोभायात्रा में विकासखण्ड के 122 ग्रामों से राम भक्त पहुंचेंगे।

## प्रगति विद्यालय में परीक्षा परिणाम घोषित



**डौंडीलोहारा।** डौंडीलोहारा शिक्षण संस्था द्वारा संचालित प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का सत्र 2024 का वार्षिक परीक्षाफल मंजू लोढा के मुख्य आतिथ्य में घोषित किया गया। इस अवसर पूनम लोढा, प्राचार्य राजकुमार देवांगन, ललित सिह गौर, प्रधानाचार्य कीर्तिबाला टांक, परीक्षा प्रभारी बलदेव सिंह यादव, उमेंद कुमार सिन्हा, मूलचद साहू सहित समस्त स्टाफ, पालकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। जारी परिणाम के अनुसार केजी वन में डिम्पल सेन तथा केजी 2 में देव्यांशी साहू प्रथम स्थान पर रहे। वहीं, कक्षा पहली में घृतज्ञ सोनी, दूसरी में तेजल देशमुख, तीसरी में निकिता पटेल, चौथी में गुलशन कुमार पटेल तथा पांचवीं में राजकमल निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह पूर्व माध्यमिक विभाग में कक्षा छठवीं में हेमप्रभा, कक्षा सातवीं में दीक्षा यादव तथा आठवीं में रणवीर निषाद प्रथम स्थान पर रहे। वहीं, कक्षा नवमी में दीपचंद तथा कक्षा 11 वीं कला संकाय में डीपेश कुमार, कृषि संकाय में पुष्पेन्द्र कुमार और विज्ञान संकाय में भूमिका यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी सफल विद्यार्थियों को संस्था प्रमुख सहित समस्त स्टाफ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप



### आधी रात गश्त पर निकले एसपी

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय में देर रात्रि पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू औचक गश्त पर निकले। जहां उन्होंने बेमेतरा के चौक-चौराहों सहित पुराना बस्टैण्ड, कोबिया चौक, गश्ती चौकी, सिंघौरी शीतला मंदिर, भारत माता चौक, नवीन बाजार रोड, बस्टैण्ड, मोहभट्ठा रोड, बिजली आफिस, नवागढ़ तिराहा, सहित सराफा मार्केट एवं अन्य जगहों का पेट्रोलिंग कर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भारत माता चौक में तैनात प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर राजपूत एवं आरक्षक रमन चंद्राकर को प्वाइंट पर मुस्तैद पाया। जिन्हें पुलिस अधीक्षक साहू ने उनके उत्साहवर्धन करते हुए नगद ईनाम देकर पुरस्कृत किया । इस दौरान उन्होंने प्वाइंट पर तैनात पुलिस जवानों एवं अन्य अधिकारियों को वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करने व हमेशा सतर्क एवं सुरक्षित डयूटी करने के संबंध में हिदायत तथा सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण आवश्यक निर्देश दिये।

### 6वीं में गौरव, 7वीं में रागिनी 8वीं में प्रीति व समिता प्रथम



**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंतेली के कक्षा छठवीं एवं सातवीं एवं आठवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें कक्षा आठवीं से प्रीति निषाद प्रथम समिता साहू प्रथम स्थान प्राप्त की।
द्वितीय स्थान पर कविता कुम्हार एवं तृतीय स्थान पर ममता वर्मा स्थान प्राप्त की।
कक्षा सातवीं से रागिनी वर्मा प्रथम स्थान काजल साहू द्वितीय स्थान एवं कुमारी प्रीति साहू तृतीय स्थान प्राप्त की । एवं कक्षा छठवीं से गौरव वर्मा प्रथम स्थान द्वितीय स्थान योगेश्वरी वर्मा सानिया वर्मा स्थान प्राप्त की एवं तृतीय स्थान काजल निषाद स्थान प्राप्त की। प्रधान पाठक पीआर साहू ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ उन्हें अंक सूची प्रदान की। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं सुनीता सिंह राजपूत, प्रकाश सोनी, लक्ष्मी जांगड़े, कनक गेंद्रे ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### रजौली में मनाई गई कर्मा जयंती

**बालोद/कलंगपुर।** परिक्षेत्र साहू संघ कलंगपुर के तत्वावधान में भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन ग्राम रजौली में हुआ। जिसमें साहू समाज के सैकड़ों लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता पुष्पेंद्र चंद्राकर ने भक्त शिरोमणि माता कर्मा की पूजा के बाद उपस्थित लोगों को मां कर्मा के त्याग, तप और बलिदान की याद दिलाते हुए मानव हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भक्त माता कर्मा श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण है, साहू समाज अपने समाज की संस्कृति, रीति–रिवाजों को बखूबी संजोकर रखे हैं। समाज के लोग अपनी योग्यता सिद्ध कर क्षेत्र व राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। इस दौरान प्रमुख रूप से मानसिंग सार्वा, दीपक साहू, भीका साहू, बाल्दू साहू, मिलन साहू, पूर्व जनपद सदस्य शीला साहू सहित साहू समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त शिक्षिका ने स्कूल के लिए दिया माइक व लाउड स्पीकर

**अंडा।** सेवानिवृत्त शिक्षिका कैंप 1 ममता आठिया ने अपने दिवंगत पति प्रमोद चढार की स्मृति में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला विनायकपुर को माइक सेट और लाउड स्पीकर प्रदान किया। इस अवसर पर प्राचार्य मंजीत सिंग राजपूत, संकुल समन्वयक किशोर कुमार दिल्लीवार, प्रधान पाठिका संध्या शिवरामवार, प्रधान पाठक टिकेंद्र चंद्राकर सहित अन्य अतिथि मनोहर लाल, गीता लाल, लक्ष्मी साहू, गोदावरी देवांगन सभी शिक्षक नरेश गायकवाड़, कीर्ति चतुर्वेदी, रामेश्वरी रायते, भावना तिवारी, उषा सिन्हा, भारती देशमुख एवं सभी बच्चे उपस्थित थे।

# वफादार कुत्ते को समर्पित है खपरी मालिघोरी का कुकुरदेव मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- नवरात्रि पर जगमगा रहे हैं आस्था के जोत

अभी तक आपने देवी–देवताओं के मंदिर देखे और पूजा किए हैं, लेकिन आज हम आपको एक ऐसे ऐतिहासिक मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें वफादारी के प्रतीक कुकुर देव के नाम से जाना जाता है। जहां दोनों नवरात्रि के अवसर पर ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जाती है। इतना ही नहीं, यहां महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा अर्चना के साथ भव्य मेला लगता है।

जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर ग्राम खपरी मालिघोरी में स्थापित है, ऐतिहासिक और पुरातत्विक श्रीकुकुर देव मंदिर। इसे वफादारी के प्रतीक कुकुर (कुत्ता) के नाम से जाना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार फणी नागवंशी राजाओं द्वारा 13 वीं 14 वीं शताब्दी में इस पुरातत्विक मंदिर का निर्माण कराया गया था, जहाँ एक वफादार कुत्ते की समाधि स्थल है तथा शिवलिंग स्थापित है।

### पूरी होती है मनोकामना

ऐसी मान्यता है कि मंदिर में श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी होती है। इसके साथ ही मान्यता यह भी है कि कुकुर खांसी से पीड़ित या किसी को कुत्ते द्वारा काट देने पर इस मंदिर में पहुंचकर एक नारियल चढ़ाकर इसकी मिट्टी और भभूति लगाने पर पीड़ित ठीक हो जाता है।

## फणी नागवंशी राजाओं ने यहां किया है मंदिर का निर्माण

### मंदिर निर्माण के पीछे कहानी

बताते हैं कि प्राचीनकाल में एक बंजारे ने अकाल पड़ने पर क्षेत्र के साहूकार के पास कर्ज लिया था। लेकिन लगातार अकाल पड़ने की वजह से कर्ज नहीं चुका पाया। तब बंजारे ने अपने कुत्ते को साहूकार को देकर कहा कि यह मेरा सबसे प्रिय वफादार कुत्ता है, पैसा होने पर आपको देकर, इसे वापस ले जाऊंगा। कुछ दिनों बाद साहूकार के घर रात में सोने चांदी के आभूषणों के साथ सामानों की चोरी हो गई। कुत्ते ने चोर का पीछा किया और चोर द्वारा चोरी के सामान को तालाब के पास छुपाते हुए देख लिया। अगली सुबह नींद से जागते ही घर में हुई चोरी को देख साहूकार सन्न रह गया। तब कुत्ता साहूकार के पास जा उनकी धोती को पकड़कर खींचते हुए तालाब तक लेकर पहुंचा, जहां चोरी के सामान को छुपाया गया था। इस तरह साहूकार को उनका सामान वापस मिल गया। कुकुर की वफादारी से साहूकार प्रसन्न हो गया। उन्होंने कुकुर के गले में बंजारा के नाम चिट्ठी लटकाई और उसे उसके मालिक के पास जाने के लिए छोड़ दिया। उधर, कुत्ते को वापस आता देख बंजारा बहुत नाराज हो गया और उसकी इतनी पिटाई कर दी, कि कुत्ते की मौत हो गई। कुत्ते के गिरने के बाद बंजारे की नजर कुत्ते के गले में बंधे चिट्ठी पर पड़ी।



### क्या लिखा था साहूकार ने

साहूकार ने बंजारे को लिखा था, कि तुम्हारे कुत्ते की वफादारी से मुझे मेरी चोरी हुई सम्पत्ति वापस मिल गई, जो आपको दिए गए कर्ज से काफी ज्यादा है। अब आपको वह कर्ज चुकाने की आवश्यकता नहीं है, आपके कुत्ते ने वह कर्ज चुका दिया है। मैं इसे आपके पास भेज रहा हूं। पत्र पढ़कर बंजारे को बहुत पीड़ा और पछतावा हुआ। उसके बाद उनहोंने अपने कुत्ते की स्मृति में उसी स्थान पर समाधी का निर्माण करवाया। बाद में फणी नागवशी राजाओं ने उसकी याद में यहाँ मंदिर का निर्माण करवाया। पत्थर से निर्मित मंदर की दीवार नाग सर्प की आकृति उकेरी गई है। पूर्वमुखी यह मंदिर कुकुर देव मंदिर के रूप में प्रसिद्ध है।

## पर्व : नवरात्रि के अवसर पर 350 से ज्यादा ज्योति कलश की स्थापना की गई है

# कमरौद में माता काली और बजरंग बली के दर्शन के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाटाबोड़

गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कमरौद में स्थित काली माता मंदिर और दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में इन दिनों नवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। माता जगराता जस गीतों पर लोग झूम रहे हैं। सप्तमी पर भी यहां श्रद्धालुओं की खास भीड़ देखने को मिली। यहां मंदिर परिसर में आकर्षक गार्डनिंग के साथ-साथ 17 फीट ऊंची काली माता की मूर्ति लगभग 3 साल पहले स्थापित की गई है। इस मूर्ति की स्थापना के बाद से यहां भक्तों की भीड़ में काफी बढ़ोतरी हुई है। हालांकि पहले से यह जगह दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के नाम से विख्यात है। जहां पर जमीन से निकली हुई प्रतिमा दक्षिण दिशा की ओर देखते हुए बजरंगबली की मूर्ति लोगों की आस्था का केंद्र है, जो कि काफी प्राचीन बताई जाती है। मंदिर समिति के अध्यक्ष पुनीत राम देशलहरे ने बताया कि श्रद्धालुओं और दानदाताओं की मदद से मंदिर समिति मंदिर का विकास कर रही है। लगातार यहां विभिन्न देवी देवताओं की मूर्ति स्थापना हुई हैं। पूर्व मंदिर समिति के कार्यकाल में काली माता की मूर्ति और शनि देव स्थापित किया गया है। साथ ही वर्तमान समिति मंदिर के द्वारा रंग रोगन और गुंबज निर्माण के कार्य को आगे बढ़ा रही है। मंदिर के सभी दीवारों पर विविध देवी देवताओं की चित्र उकेरे गए हैं, जिन पर पेंटिंग का काम भी किया जा रहा है। पेंटिंग पूर्ण होने के बाद मंदिर की भव्यता और बढ़ जाएगी।

लोग यहां मनोकामना ज्योति जलाते हैं। इस बार यहां 350 से ज्यादा ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई है।अलग-अलग सेवा मंडली की टीम यहां आकर माता जस गीत प्रस्तुत करती है। काली मंदिर को देखने के लिए बालोद जिले से ही नहीं बल्कि दूसरे जिलों से भी लोग यहां आते हैं। पाताल भैरवी राजनांदगांव के बाद कमरौद का यह काली मंदिर जो की 17 फीट ऊंचा है, पूरे छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध है। महाशिवरात्रि में यहां भव्य मेला का आयोजन भी होता है। मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष विशंभर चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष सुरेंद्र पटेल, सचिव बृज किशोर साहू, सदस्य भूषण चतुर्वेदी, देवेंद्र साहू, दीनूराम कंवर, लखन ठाकुर, विनोद कुमार यदु ,ईश्वर यदु ,रुपेश पटेल, बलराम साहू, कामता प्रसाद साहू, अरुण साहू, भुवन पटेल, पुजारी दुर्गा प्रसाद पांडे सहित समस्त ग्रामवासी मंदिर के विकास में जुटे हुए हैं।

### क्या है कथा

ऐसी किवदंती है कि, गांव का एक किसान अपने खेत में हल चला रहा था, लेकिन हल का फल एक जगह जाकर अटकता और फिर जोर लगाने पर टूट जाता। उसके बाद हनुमान जी ने किसान को सपने में दर्शन देकर उस जगह के बारे में बताया। अगले दिन किसान ने खेत में खुदाई की वहां से बजरंगबली की मूर्ति निकली। किसान ने खेत के उसी हिस्से में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करवा दी। तब से लेकर आज तक हनुमानजी लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण कर रहे हैं। आज के समय में इस मंदिर की भव्यता देखते ही बनती है। बजरंगबली के साथ इस स्थान पर दूसरे देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी स्थापित की गई हैं।



### शिवलिंग का किया गया है निर्माण

गांव के बुजुर्गों के मुताबिक करीब 400 साल पहले हनुमान की मूर्ति जमीन से निकली है, जिसके कारण इसकी खास मान्यता है। दक्षिण



मुखी भूमि फोड़ हनुमान मंदिर के नाम से यह राज्य भर में जाना जाता है। दूर दूर से लोग यहां महाशिवरात्रि और अन्य अवसरों पर दर्शन करने आते हैं। दानदाताओं और मंदिर समिति के सहयोग से ही हनुमान मंदिर के ठीक सामने आकर्षक शिवलिंग का भी निर्माण किया गया है। जिसकी लागत 1 लाख 20 हजार है। मंदिर परिसर के चारों ओर अलग-अलग भगवान और देवी की प्रतिमा भी स्थापित की गई है। मंदिर के बाहरी दीवारों में सर्वधर्म समभाव का संदेश भी दिया जा रहा है। सभी धर्म के प्रतीक व उनके ईष्ट की मूर्तियां भी चित्रित की गई है। इन चित्रों को आकर्षक रंगों से सजाने के लिए दानदाता भी तैयार हो गए हैं और यहां पेंटिंग के कार्य शुरू हो चुका है।

# मतदान के लिए जिला प्रशासन ने जिले के 7 लाख मतदाताओं को भेजा नेवता-पाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- जिला प्रशासन करत हे गुहार, वोट डारव अबके बार
- लोकतंत्र के भरोसा झन टूटे, एक्को मतदाता झन छूटे

लोक आम निर्वाचन-2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने एक और नया प्रयोग किया है। इसके तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने ज़िले के तीनों विधानसभा क्षेत्र 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के 7 लाख मतदाताओं को नेवता पाती ( निमंत्रण पत्र) और अपील पाती भेजकर परिवार, ईस्ट- मित्र सहित आसपड़ोस सहित मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में आगामी 7 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे है। कलेक्टर ने पाती के ज़रिए लोकतंत्र के पर्व को सफल बनाने के लिए बिना भय, और लालच के शत-प्रतिशत करने की अपील की है। लोकतंत्र के इस महायज्ञ से जुड़ने के लिए कलेक्टर की पाती इस बार ज़िले के तक़रीबन 7 लाख मतदाताओं तक पहुंच रही हैं। विभिन्न प्रचार माध्यमों के ज़रिये भी मतदाताओं को आने वाली 7 मई को को मतदान करने जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने ज़िले के सभी मतदाताओं से मतदान की अपील की। ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतदान के दिन मतदाताओं को मतदान करने बुलाने के लिए कलेक्टर की पाती (पत्र ) जारी किया गया है। मतदाता जागरूकता को लेकर इस बार सोशल मीडिया के अलावा कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी की और से मतदाताओं को हिन्दी और छत्तीसगढ़ी भाषा में नेवता पाती और मनुहार भेज कर मतदान करने का निमंत्रण दिया जा रहा है। मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए मतदाता सूची में दर्ज मोबाइल नंबर पर संदेश भेजने का काम स्वीप गतिविधि के तहत शुरू किया जाएगा।

# मोहारा में हुई भाजपा की शक्ति केंद्र स्तरीय बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा मोहारा में शक्ति केंद्र स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश संयोजक स्वच्छता प्रकोष्ठ रायपुर डॉ शंभू गुप्ता, अध्यक्ष भाजपा मंडल गुरुर कौशल साहू, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत गुरुर नंदकिशोर शर्मा, महामंत्री भाजपा मंडल गुरुर भुवन लाल साहू, चिकित्सा प्रकोष्ठ धमतरी भाजपा मंडल गुरुर रामायण साहू तथा लाभार्थी संपर्क अभियान के मंडल प्रभारी एवं शक्ति केंद्र पलारी प्रभारी डॉ हरिकृष्ण गंजीर, शक्ति केंद्र मोहारा प्रभारी सेवक राम साहू, सहसंयोजक नीलकंठ साहू, बूथ अध्यक्ष तुलाराम साहू, डॉ मुकेश सार्वा, बुथ अध्यक्ष राजेंद्र कुमार निर्मलकर, रवि कुमार साहू एवं भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे। अतिथियों ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी और सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि घर–घर जाकर पत्रक वितरण करना है और लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजयी बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करना है।

# संत गाडगे महाराज की जीवनी पर आधारित पाम्प्लेट का हुआ विमोचन



जिला धोबी समाज का प्रथम जिला कार्यकारिणी की बैठक देवरबीजा में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला धोबी समाज के नेतृत्व में ग्राम देवरबीजा में धोबी समाज भवन में समाज का प्रथम कार्यकारिणी की बैठक हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी एवं बिलासपुर जिला अध्यक्ष नरेंद्र निर्मलकर एवं नवनिर्वाचित समाज के जिला अध्यक्ष अनिल रजक का आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। संत गाडगे महाराज के छायाचित्र पर पूजन अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। नरेंद्र निर्मलकर ने संत गाडगे महाराज की जीवनी पर जिला अध्यक्ष अनिल रजक द्वारा लिखित पाम्पलेट का विमोचन किया। जिला अध्यक्ष अनिल रजक, जिला महासचिव राजेंद्र निर्मलकर साजा एवं जिला कोषाध्यक्ष ठाकुर राम निर्मलकर को निर्वाचन प्रमाण पत्र जिला प्रभारी द्वारा सौंपा गया।

नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अनिल रजक का गज माला से सभी राज अध्यक्षों एवं जिला पदाधिकारी द्वारा स्वागत किया गया। जिला के सभी राज अध्यक्षों एवं नवनियुक्त जिला पदाधिकारीयों को श्रीफल, पुष्प माला, गमछा एवं नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर जिला प्रभारी नरेंद्र निर्मलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष भोजेंद्र निर्मलकर, युवा प्रदेश महासचिव पोषण निर्मलकर, जिला अध्यक्ष अनिल रजक, जिला महासचिव राजेंद्र निर्मलकर, साजा जिला कोषाध्यक्ष ठाकुर राम निर्मलकर, महिला जिला अध्यक्ष कविता रजक युवा जिला अध्यक्ष तारकेश्वर रजक एवं आईटी सेल जिला अध्यक्ष हरिराम निर्मलकर द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी व समाज के लोग मौजूद थे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ प्रेरणा उत्सव का आयोजन



**बेमेतरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय बेहरा में सोमवार को प्राचार्या लक्ष्मी सिंह के मार्गदर्शन में विद्यालय स्तर में प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के प्राचार्य पीएल जायसवाल व शिक्षक ललित देवांगन उपस्थित रहे। चयनित 10 छात्र छात्राओं जिसमें दीक्षा वर्मा, दीपर्णा कुर्रे, दीक्षा वर्मा, जागृति साहू, हर्षा, राजीव, कनिका वर्मा, अवकाश वर्मा, गीतांजलि वर्मा, भावेश वर्मा शामिल हैं। व्यक्तित्व और सांस्कृतिक जागरूकता का परीक्षण हुआ। विद्यालय स्तर पर कार्यकम का आयोजन कर दो विद्यार्थियों राजीव साहू व एक छात्रा गीतांजलि वर्मा का चयन किया गया। जिसमें इसी श्रृंखला में जिला स्तर पर 18 अप्रैल को 206 हायर सेकेंडरी स्कूल के कुल 412 बच्चे जिसमें 206 छात्र व 206 छात्रा का विद्यालय स्तर जिला स्तर पर कार्यक्रम में भाग लेंगे। इन बच्चों का फिर चयन समितियां द्वारा चयन करके पूरे जिला से दो बच्चों को फिर गुजरात के लिए भेजा जाएगा। जिले के विभिन्न विद्यालयों से आमंत्रित छात्रों के चयन की प्रकिया का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय में ही किया जाएगा।




## महावीर भवन में प्रवचन जारी, संत श्री ऋषभ सागर जी ने कहा-

# जो देंगे, वही पाएंगे, सबको सहयोग व सम्मान दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

आराधना का अवसर पुण्योदय से प्राप्त होता है, इसमें भाव का महत्व होता है। उच्च भाव से की गई आराधना का फल अवश्य ही मिलता है। उक्ताशय के उदगार महावीर भवन में प्रवचन करते हुए संत श्री ऋषभ सागरजी ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि चाहे आराधना करना हो या कोई पर्व मनाना हो उसके पीछे उद्देश्य को ध्यान में रखा जाना चाहिए। समझदार व्यक्ति उद्देश्य को ध्यान में रखकर ही क्रिया करता है। जैन शास्त्रों में नव पद की ओली को शाश्वत माना गया है। पर्व या उत्सव मनाने के पीछे उद्देश्य होता है प्रेम, उदारता, आदर, सहयोग आदि भावों में वृद्धि हो और यह व्यवहार में दिखना भी चाहिए, किन्तु आज इन भावों का अभाव दिखाई देता है। व्यक्ति में नकारात्मक भाव अतिशीघ्र घर कर जाते हैं, यही कारण है कि समाज ही नहीं, वरन परिवार में भी सामंजस्य का अभाव दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि परिवार टूट रहे हैं, व्यक्ति भीड़ में भी अपने को अलग महसूस करता है। विचारों के मतभेद मनभेद तक पहुंच जाते हैं, जो रचनात्मक एवं सकारात्मक भाव नहीं रखते, उनमें नकारात्मक भाव बढ़ने लगता है, परिवारों में भी इसका प्रभाव दिखाई देता है। घर में कोई दुखी या परेशान है तो इसका प्रभाव भी अन्य सदस्यों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि जो दोगे वही पाओगे, की तर्ज पर प्रेम, सहयोग, सम्मान दो तो ये बढ़कर वापस प्राप्त होगा। कुछ इन्हीं भावों को लेकर कल से 5 दिवसीय 1 घंटे का शिविर प्रारंभ किया जा रहा है जिसका विषय है अच्छे पैरेंट्स कैसे बनें।



### हर कर्म का फल निश्चित है : पं. शर्मा

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम चिचबोड़ में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का सोमवार को समापन हुआ। कथा की समाप्ति पर प्रवचन स्थल पर हवन-पूजन हुआ और श्रद्धालुओं ने विश्वकल्याण की कामना करते हुए आहुतियां डाली। पंडित सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि इस संसार में जो आया है, उसे एक न एक दिन अवश्य जाना है। अपना जीवन सदैव सद्कर्मों में लगाना चाहिए। हर कर्म का फल निश्चित है, इसलिए जीवन में सदैव सत्कर्म को प्रधानता देनी चाहिए। सही–गलत का ज्ञान न होने के कारण इंसान दिन प्रतिदिन नेकी के रास्ते से भटकते जाता है। ईश्वर की आराधना ही एकमात्र साधन है, जिसके सहारे हमारी जीवन नैया पार हो सकती है। भागवत गीता में कहा गया है कि सदैव अपने कर्म को प्रधानता दें क्योंकि इस संसार में इंसान के कर्म ही उसकी पहचान है। महाभारत की लड़ाई परिवार की लड़ाई है। भगवान श्री कृष्ण ने सारथी दूत बनकर अर्जुन का उद्धार किया। भागवत गीता मोक्षदायिनी है। कथा सुनने के बाद कथा को अपने जीवन चरित्र में उतारने का प्रयास करेंगे, तब कथा सुनना सार्थक होगा।



